सत्यता और
निष्पक्षता के साथ
नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नज़र

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-260, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 31 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



# देशभर में छाया ईद का जश्न

## राष्ट्रपति, पीएम ने दी बधाईः वक्फ बिल के विरोध में नमाजियों ने काली पट्टी बांधी

**नई दिल्ली।** देश में आज ईद-उल-फित्र (मीठी ईद) त्योहार मनाया जा रहा है। मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा करने का समय अलग-अलग है। लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह में महिलाएं भी नमाज अदा कर सकेंगी। इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ईद की बधाई दी। पीएम ने लिखा- ईद का त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। आपके सभी प्रयासों में खुशी और सफलता मिले। ईद मुबारक!

वाराणसी की जामा मस्जिद में एकसाथ बड़ी संख्या में नमाजी पहुंच



गए। इसके चलते सभी लोगों को मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जगह नहीं मिली। इसके बाद कुछ लोगों ने सीढ़ियों पर ईद की नमाज अदा की।

देश में कई जगह नमाज अदा करने के लिए लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टियां बांधकर पहुंचे। तमिलनाडु के त्रिची में लोग बड़ी संख्या में लोगों ने सड़कों पर नमाज अदा की। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ईद के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पटना के गांधी मैदान पहुंचे। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने दिल्ली की संसद मार्ग स्थित मस्जिद में नमाज अदा की।

इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने रविवार को कहा था, 'मैं कहीं पर भी खड़े होकर नमाज पढ़ूंगा। देखता हूं मुझे कौन रोकता है। यह मेरा भी देश है।' दूसरी ओर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की है।

### न्यूक्लियर डील पर ट्रम्प की ईरान को धमकी

## समझौता करें, वरना बमबारी होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को धमकी दी है कि अगर वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम पर किसी समझौते पर नहीं पहुंचता तो अमेरिका उस पर बमबारी कर सकता है। ट्रम्प ने ईरान पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की भी धमकी दी। ट्रम्प ने आगे कहा- उनके



(ईरान) पास एक मौका है, अगर वे ऐसा नहीं करते तो मैं उनपर 4 साल पहले की तरह सेकेंडरी टैरिफ लगाऊंगा। न्यूक्लियर प्रोग्राम पर अमेरिकी और ईरानी अधिकारी बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। इस बीच ईरान की सेना ने किसी भी अमेरिकी हमले का जवाब देने के लिए अपनी मिसाइलों को तैनात कर दिया है।

## हाईवे पर सफर आधी रात के बाद से महंगा

### 10 फीसदी बढ़ाया गया टोल टैक्स

**नई दिल्ली/आगरा।** हाईवे से गुजरना और महंगा हो गया है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने टोल के शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है।

एक अप्रैल की रात 12 बजे से बढ़ा हुआ शुल्क लागू हो गया है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने 10 फीसदी तक शुल्क बढ़ाया गया है। आगरा, मथुरा और फिरोजाबाद में टोल प्लाजा हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय वर्मा ने बताया कि चार पहिया और भारी व्यावसायिक वाहनों का शुल्क बढ़ा है। महुवन टोल प्लाजा पर कार, जीप, वैन का एक ओर से 105 रुपये, दोनों ओर से 155 रुपये और महीने में 3495 रुपये लगेंगे। एलसीवी, एलजीपी और मिनी बस श्रेणी के एक तरफ के 170 रुपये, दोनों तरफ से 255 रुपये और महीने में 5645 रुपये देने होंगे।

उठावनी



**स्व. श्री अनिल अग्रवाल**

बड़े दुखः के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे लघु भ्राता अनिल अग्रवाल का आज दिनांक 30.03.2025 को गोलोकवास हो गया है। जिनकी उठावनी महिला एवं पुरुषों की आज दिनांक 31.03.25 दिन सोमवार को सायं 4-5 बजे तक अग्रवाल सेवा सदन लोहामंडी आगरा पर होगी।

**शोकाकुल परिवार**

हरीबाबू अग्रवाल-कृष्णा देवी (भाई-भाभी)
यश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल (पुत्र), रिंकी (पुत्री)
रिंकेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल (भतीजे)
सारांश अग्रवाल, अदविक अग्रवाल (नाती)

**प्रतिष्ठान**


कंचन सारी सेंटर, लक्ष्मी मार्केट, बेलनगंज, आगरा
बालाजी प्रॉपर्टीज आर्केड, शास्त्रीपुरम, आगरा
बालाजी कंस्ट्रक्शन, आगरा
मो. 9897004110, 9897612987

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# नरगुंडी स्टेशन के पास मरम्मत कार्य तेज

## कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे हुए थे बेपटरी



**कटक।** ओडिशा में कटक के करीब नरगुंडी स्टेशन के पास मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। यहां बीते दिन 12551 बंगलूरू-कामाख्या एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए थे। पूर्वी तटीय रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि सुबह 11.54 बजे मंगुली के पास निरगुंडी में एसएमवीटी बंगलूरू-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार निवासी 22 वर्षीय सुवनकर रॉय के रूप में हुई है। बताया गया कि पटरी से उतरने के बाद युवक ट्रेन से कूद गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि, एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे अधिकारी मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

पूर्वी तटीय रेलवे ने एक बयान में बताया कि एक महिला यात्री को गंभीर चोटें आई हैं और दो अन्य पुरुष यात्रियों का इलाज चल रहा है। कटक के जिला कलेक्टर दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने पहले कहा था कि दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत होने की खबर है और आठ अन्य घायल हो गए, लेकिन रेलवे ने दावा किया कि घायलों की संख्या तीन ही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया, 'चार अन्य लोगों को अस्पताल ले जाया गया, उन्हें पटरी से उतरने के कारण चोटें नहीं आईं, बल्कि ये लोग बंगलूरू में इलाज के बाद घर लौट रहे मरीज थे। उन्हें भी पटरी से उतरी बोगियों से बचाया गया और अस्पताल ले जाया गया।' उन्होंने बताया कि घायलों की संख्या सात नहीं, बल्कि तीन थी।

# मणिपुर में छह ड्रग तस्कर, दो उग्रवादी किए गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बल लगातार नशा तस्करों और उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। पुलिस ने सोमवार को छह ड्रग तस्कर, पोस्त की खेती करने वाले चार लोगों को पकड़ा। इसके साथ ही दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। कांगपोकपी जिले में छह ड्रग तस्करों और चार पोस्त की खेती करने वालों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि ड्रग तस्करों की पहचान खैखाओ किपगेन उर्फ जॉन (40), लेटगौमांग टौथांग उर्फ अमोन (33), आबी बराल (28), जितेन खरका (22), एल एच रानीरौ (42) और लिआ चाओ (44) के रूप में हुई है। उनके कब्जे से 174 साबुन के डिब्बों में छिपाया गया ब्राउन शुगर और एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया। वहीं कांगपोकपी जिले के सोंगजांग गांव में अवैध पोस्त की खेती में शामिल होने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान जांगगौलेन किपगेन (41), लेटगिनलाल किपगेन (41), कामगिनलेन किपगेन (25) और थांगमिनलेन (34) के रूप में हुई।

# 'हमारी सरकार हमेशा अल्पसंख्यकों के साथ'

## ईद के कार्यक्रम में बोलीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को लोगों से सांप्रदायिक दंगों को बढ़ावा देने वाले उकसावे में नहीं आने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के निवासियों के साथ खड़ी है और कोई भी राज्य में तनाव नहीं पैदा कर सकता। कोलकाता के रेड रोड पर ईद की नमाज के कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ लोग दंगों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को उकसाने का काम कर रहे हैं, लेकिन कृपया इन जाल में न फंसें। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार हमेशा अल्पसंख्यकों के साथ खड़ी रहेगी। कोई भी राज्य में तनाव नहीं फैला सकता।

अपने बयान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा को अल्पसंख्यकों से समस्या है, तो क्या वे देश के संविधान को बदल देंगे? उन्होंने भाजपा की राजनीति को विभाजनकारी राजनीति बताते हुए इसकी आलोचना की। साथ ही इसे लोगों को बांटने के उद्देश्य से जुमला की राजनीति बताया।

बता दें कि इस मौके पर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी भाजपा का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए पार्टी एकजुट रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि 'हिंदू खतरे में हैं', और उनके दोस्त कहते हैं 'मुसलमान खतरे में हैं'। अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि मैं भाजपा से कहता हूं कि सांप्रदायिक राजनीति का चश्मा उतारें। उनकी राजनीति के कारण पूरा देश खतरे में है। अगर वे बंगाल में विभाजन पैदा करने की कोशिश करेंगे, तो हम इसका विरोध करेंगे। दोनों नेताओं ने यह स्पष्ट किया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में विभाजन और सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

# मोनालिसा को फिल्म का ऑफर देने वाला डायरेक्टर रेप केस में अरेस्ट

**नई दिल्ली।** महाकुंभ मेले में वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म का ऑफर देने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। रेप के मामले में गिरफ्तारी हुई है। दिल्ली हाई कोर्ट से बेल खारिज होने के बाद मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि सनोज मिश्रा ने एक छोटे कस्बे से आने वाली, हीरोइन बनने की तमन्ना रखने वाली एक लड़की के साथ कई बार रेप किया। बता दें कि इससे पहले खबर आ रही थी कि महाकुंभ में मनके बेचते हुए सोशल मीडिया की क्वीन बनी मोनालिसा को लेकर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने मोनालिसा को अपनी अगली फिल्म दि डायरी ऑफ 2025 में लेने का ऐलान किया था।

# हादसे ने छीनी ईद की खुशियां: शाहजहांपुर में पिकअप की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत



**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला वाजिदखेल में रविवार रात पिकअप वाहन से बाइक सवार को टक्कर लग गई। हादसे में मोहल्ले के दानिश (47 वर्ष) और उनके पांच वर्षीय भतीजे अजहर उर्फ शीबू की मौत हो गई। दर्दनाक हादसे से ईद के त्योहार पर उनके घर में मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार शाम ईद का चांद नजर आने का बाद दानिश अपने भतीजे अजहर को बाइक पर बैठाकर आइसक्रीम लेने के लिए निकले थे। बंगला सिरोदी के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार चाचा-भतीजे घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भेजा, जहां डॉक्टर ने अजहर को मृत घोषित कर दिया। जबकि दानिश की हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया। रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस पिकअप चालक को तलाश कर रही है। ईद से पहले चाचा भतीजे की मौत से परिवार में मातम छा गया।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# म्यांमार में भयावह हालात, अब तक 1700 से अधिक की मौत

**नेपीदा।** म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद बचाव कार्य जारी हैं। इस बीच भूकंप की वजह से अब तक 1,700 से अधिक लोगों की मौत हो गई है जबकि हजारों की संख्या में लोग घायल हुए हैं। यहां बड़े पैमाने पर ईमारतों को नुकसान पहुंचा है। मरने वालों और घायलों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है, क्योंकि कई लोग अभी भी ढही हुई इमारतों के नीचे फंसे हुए हैं। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने अनुमान लगाया है कि मरने वालों की संख्या 10,000 से अधिक हो सकती है। भूकंप का केंद्र म्यांमार के मध्य सागाइंग क्षेत्र में स्थित था, जो ऐतिहासिक शहर मांडले के पास है।




मांडले में कई इमारतें, पुल और मंदिर नष्ट हो गए हैं या क्षतिग्रस्त हुए हैं।

म्यांमार में आया भूकंप देश में एक सदी से भी अधिक समय में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप था। हालात ऐसे हैं कि बचाव दल प्रभावित लोगों तक पहुंचने में नाकाम हो रहे हैं। खासतौर पर उन इलाकों में जहां इरावदी नदी पर एक प्रमुख पुल के ढह जाने से संपर्क टूट गया है। माना जा रहा है कि मृतकों की सही संख्या सामने आने में कई सप्ताह लग सकते हैं। म्यांमार में भूकंप के बाद मलबे में दबी लाशों की भीषण दुर्गंध चारों ओर फैल गई है। महामारी फैलने का भी खतरा बढ़ गया है। जैसे-जैसे वक्त बीत रहा है मलबे में दबे लोगों के जीवित मिलने की उम्मीदें कम होती जा रही हैं। भारत से भी कई टीमें म्यांमार में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने और घायलों के इलाज के लिए पहुंच चुकी हैं।

**'ऐसी आपदा नहीं देखी'**

म्यांमार में भूकंप के बाद संचार नेटवर्क को नुकसान पहुंचा है। हजारों लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग बेघर भी हो गए हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रीसेंट सोसाइटीज (आईएफआरसी) के एक अधिकारी के अनुसार भूकंप से जो तबाही मची है। एशिया में एक सदी से भी अधिक समय में ऐसी आपदा नहीं देखी गई है।





# ईद मुबारक

## ताजमहल, फतेहपुर सीकरी, जामा मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, अमन-चैन की दुआ मांगी

**सुलहकुल की नगरी आगरा में पूरे रस्मो रिवाज के साथ मनाया जा रहा है ईद का त्योहार**

**ताजमहल में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पर्यटकों का प्रवेश रहा निशुल्क**

एनएनआई

**आगरा।** रमजान के पाक महीने के बाद ईद उल फितर का मुकद्दस त्यौहार सुलहकुल की नगरी आगरा में पूरे रस्मो रिवाज के साथ मनाया जा रहा है। आगरा में शाही ईदगाह पर नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों और मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ उमड़ी। ताजमहल पर सात बजे से ईद की नमाज के लिए नमाजी आने लगे थे। ईद के खास मौके पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर ताजमहल में सुबह सात बजे से 10 बजे तक



प्रवेश निशुल्क रखा गया। ऐसे में मुस्लिम समाज के लोग काफी संख्या में यहां नमाज अदा करने पहुंचे।

ताजमहल पर ईद की नमाज का अलग ही नजारा रहा। यहां नमाजियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए सैलानियों ने भी इस पल को अपने कैमरे में कैद किया। बता दें कि दुनिया की इस सबसे खूबसूरत इमारत में मुगल बादशाह शाहजहां से इबादत के लिए विशेष स्थान बनवाया था। इस्लाम की मान्यता के अनुसार यह पश्चिम दिशा में है।

ऐसे में यहां पर ही ई खास मौकों पर नमाज अदा की जाती है। नमाज के बाद मुस्लिम समाज में एक दूसरे को ईद की बधाई देने का सिलसिला भी शुरू हुआ। आगरा में शाही ईदगाह पर पहुंचे राजनीतिक लोगों और शहर में प्रमुख लोगों ने गले मिलकर ईद की बधाई दी।

## अल्लाह की इबादत में झुके हजारों सिर

**फतेहपुर सीकरी।** ईद उल फितर के अवसर पर शाही जामा मस्जिद सहित दर्जनभर मस्जिदों में नमाज अदा की गई तथा लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कस्बा क्षेत्र में शाही जामा मस्जिद ,चांद मस्जिद, बड़ी मस्जिद ,घंटाघर मस्जिद, मोती बाग मस्जिद समेत दर्जन भर से अधिक मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। शाही जामा मस्जिद में हजारों लोगों द्वारा एक साथ नमाज अदा की तथा सज्जादा नशीन रईस मियां चिश्ती असद अरशद अजीम फरीदी ने मुल्क में अमन चैन की दुआ की।



## कागारौल में भाईचारे के बीच लोगों ने मनाई ईद

**कागारौल।** कस्बे की ईदगाह में ईद मनाई गई। मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ राजनीति से जुड़े लोगों ने मस्जिद में पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी। जामा मस्जिद में सुबह 9 बजे हाफिज मुख्तार अली ने ईद की नमाज पढ़ाई। गांवों से मुस्लिम समाज के लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। ईदगाह में आकर नमाज पढ़कर खुदा की इबादत की। इस अवसर पर एसीपी सैयां देवेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक समरेश सिंह, निरीक्षक अपराध राजबीर सिंह, एसएसआई विजेंद्र शर्मा सहित थाने का फॉर्स सुरक्षा दृष्टि से तैनात रहा।

## स्कूटी से गिरी महिला, बस ने कुचला

एनएनआई

**मथुरा।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पीछे महाविद्या कालोनी के यादव चौराहे पर यह हादसा हुआ।

महेश पाल सिंह अपनी पत्नी साधना और बेटी हर्षिता के साथ स्कूटी से अपने लक्ष्मीनगर स्थित मकान देखने गए थे। वापसी के दौरान यादव चौराहे के पास सड़क पर बने एक गड्ढे में उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई। पीछे बैठी साधना सड़क पर गिर गईं। उसी समय बगल से गुजर रही एक निजी बस का पिछला पहिया उनके सिर से होकर गुजर गया। इस हादसे में साधना की मौके पर ही मौत हो गई।



मां को खून से लथपथ देख बेटी हर्षिता और पति महेशपाल चीख उठे। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शव को चादर से ढक दिया। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया और बस को जब्त कर थाने भेज दिया। मृतका के जेठ विजय सिंह ने बताया कि साधना अपने पीछे पति के अलावा दो बेटियां प्रेरणा व हर्षिता और एक बेटा आदित्य को छोड़ गई हैं। महेश पाल मजदूरी करते हैं और कई दिनों से काम न मिलने के कारण घर पर ही थे। गोविंद नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि प्रार्थना-पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## टूंडला रेलवे स्टेशन के पीडब्ल्यूआई गोदाम में आग

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** टूंडला रेलवे स्टेशन के पास स्थित पीडब्ल्यूआई मुख्यालय के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने रेलवे के लकड़ी के स्लीपर, गोदाम में रखा फर्नीचर और आसपास के पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की लपटें और धुआं दूर से दिखाई दे रहा था। तपिश इतनी तेज थी कि दूर खड़े लोगों को भी पसीना आ रहा था। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए।

फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। टूंडला थाना पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे विद्युत विभाग की टीमें भी मौजूद रहीं। आग को काबू करने के



लिए जेसीबी मशीन से आसपास के स्लीपर और पेड़ों को हटाया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पहले लकड़ी के स्लीपरों में आग लगी, फिर गोदाम में रखे फर्नीचर और बाहर खड़े पेड़ों तक पहुंच गई। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# खातों में आने लगी मुआवजा की धनराशि, सर्किल रेट पर विवाद

- रहनकलां-रायपुर के काश्तकारों को 15 वर्ष बाद मिल रहा अधिग्रहित जमीन का पैसा
- सर्किल रेट की विसंगति को लेकर भाकियू ने की गढ़ी जगन्नाथ में पंचायत



एनएनआई

**एत्मादपुर।** रहनकलां-रायपुर मौजा क्षेत्र के भूअधिग्रहण प्रभावित किसानों के 15 वर्ष के लंबे संघर्ष और मुख्यमंत्री की सकारात्मकता से बैंक खातों में मुआवजा की धनराशि आने लगी है। राजस्व विभाग करार संबंधी दस्तावेज बनाने व आगरा विकास प्राधिकरण किसानों के खातों में मुआवजा की धनराशि किस्तों में भेजने में जुटा है। इस बीच किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा दिलाने को संघर्ष में साथ देने वाली भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने सर्किल रेट की विसंगति का मुद्दा उठाते हुए गढ़ी जगन्नाथ में पंचायत कर फिर से आंदोलन की हुंकार भरी।

मुख्यमंत्री योगी की कैबिनेट ने महाकुंभ में दो माह पूर्व किसानों को वर्ष 2009-10 में अधिग्रहित की गई जमीन का मौजूदा सर्किल रेट के हिसाब से चार गुना मुआवजा दिए जाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया है। लेकिन किसान संगठन के पदाधिकारी सरकार के इस आदेश के तहत मुआवजा देने पर आपत्ति उठा रहे हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र की सर्किल रेट में जानबूझकर 10 वर्ष से बढ़ोतरी नहीं की गई है। रहनकलां में वर्ष 2015 से और रायपुर में वर्ष 2017 से सर्किल रेट की समीक्षा तक नहीं हुई। अगर पुरानी सर्किल रेट से मुआवजा दे रहे हैं तो फिर दस वर्ष का चक्रवर्ती ब्याज के साथ एक मुश्त भुगतान करें। मुआवजा धनराशि से भूमि खरीदने पर स्टांप ड्यूटी फ्री का लाभ भी दिया जाए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने रायपुर के गांव गढ़ी जगन्नाथ में किसान यशपाल सिंह के अध कटे गेहूं के खेत में 3020 का शामियाना ताना। इसमें क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के किसान भी जुटे। दोपहर को एसडीएम आरके चौधरी और एसीपी पीयूष कांत राय के बाद आगरा विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव सुरेंद्र भानु सिंह पहुंचे।

भाकियू टिकैत युवा विंग के मंडल अध्यक्ष विपिन यादव ने उन्हें किसानों की चार सूत्रीय मांगों से उन्हें अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। भाकियू जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने लेखपाल राहुल आजाद पर किसानों के साथ अभद्रता करने पर गुस्सा जताया। इस दौरान नायब तहसीलदार हेमंत कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह, चौकी छलेसर प्रभारी सतीश कुमार सोलंकी, एसआई पवन कुमार यादव आदि के अलावा महिला पुलिस फोर्स एवं पीएसी भी मौजूद रही।

## एडीए बोर्ड ने लगाई मुहर

योगी सरकार ने रहनकलां-रायपुर मौजा क्षेत्र के भूअधिग्रहण प्रभावित किसानों को सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। कैबिनेट ने 22 जनवरी को महाकुंभ में विशेष रूप से प्रस्ताव पारित किया था। इसके बाद आगरा विकास प्राधिकरण बोर्ड भी मुआवजा वितरण पर मुहर लगाकर भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर चुका है। लेकिन वर्ष 2015-17 से रहनकलां-रायपुर मौजा क्षेत्र की सर्किल रेट में बढ़ोतरी न होने का मुद्दा उठाकर किसान संगठन के नेता एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता प्रदीप शर्मा का कहना है कि प्रभावित किसानों को मुआवजा धनराशि मिलना शुरू हो गई है। फिलहाल हम मुआवजा ले रहे हैं, आगे मांगें न्यायालय से पूरी कराएंगे।

"रहनकलां-रायपुर क्षेत्र के जमीन अधिग्रहण से प्रभावित सैकड़ों किसानों को सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिए जाने के नाम पर सरकार से लेकर शासन-प्रशासन तक गुमराह किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन क्षेत्र के प्रभावित किसानों को उनकी जमीन का वाजिब मुआवजा दिलाने के लिए सालों से संघर्ष कर रही है और आज भी हर स्तर पर उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों के साथ किए जा रहे छल-कपट के विरोध में पंचायत का आयोजन किया गया।

**विपिन कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष**
**भाकियू (टिकैत) युवा विंग आगरा"**

# भतीजी से छेड़छाड़ के विरोध पर बुआ को जूते से पीटा

एनएनआई

**बरहन।** आंवलखेड़ा में कक्षा 9 की छात्रा से छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर पहले उसके भाई फिर शनिवार शाम को छात्रा की बुआ को जूते से पीटा गया। सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित बुआ का वीडियो वायरल होने पर 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। परिजन का आरोप है कि दो महीने से क्षेत्र का ही विशाल धाकरे परेशान कर रहा है। स्कूल आते-जाते छेड़छाड़ करता है। छात्रा का भाई 27 मार्च को आरोपी के घर शिकायत करने गया तो उसकी पिटाई कर दी गई। भाई ने आंवलखेड़ा चौकी पर प्रार्थनापत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इधर, आरोपी के

**बरहन की घटना, तीन दिन तक समझौते का दबाव बनाती रही पुलिस, वीडियो वायरल होने के बाद लिखा गया केस**

परिजन समझौते का दबाव बनाने लगे। शनिवार शाम को छात्रा की बुआ को रास्ते में पकड़ लिया। आरोप है कि विशाल सिंह, कृपाल सिंह, श्याम सिंह और सुशांत धाकरे ने जूतों से पीटा। पुलिस के सामने भी आरोपी पक्ष धमकाते रहे। एसीपी एत्मादपुर पियूष कांत राय का कहना है कि केस दर्ज कर घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

**दीवार पर भिड़ा दिया था सिर:-** पीड़ित बुआ का कहना है कि वह दलित हैं। आरोपी पक्ष लगातार धमकी दे रहे हैं। इससे परिवार में दहशत है। आरोपियों ने जूतों से पीटने के साथ ही सिर दीवार पर भिड़ा दिया था।

### आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष ने किया ट्वीट

आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद ने दलित छात्रा से छेड़छाड़ व बुआ की जूते से पिटाई की घटना के बाद एक्स पर पोस्ट किया। इसमें मुख्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। यह भी कहा है कि लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाया जाए।

# ऑटो चालक की गला दबाकर की हत्या

एनएनआई

**आगरा।** ईद के ठीक एक दिन पहले मिश्रित आबादी वाले शाहगंज में दो ऑटो चालकों में सवारी बिठाने पर विवाद खूनी खेल में बदल गया। ऑटो चालक ने पीछा कर दिव्यांग ऑटो चालक छोटू खां को मानसरोवर कॉलोनी के पास रोक लिया। पीटा और सीने पर बैठकर गला दबा दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

वाकया रविवार दोपहर बाद का है। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि जोगीपाड़ा का राजकुमार और रामस्वरूप कॉलोनी निवासी छोटू खां शाहगंज में ऑटो चलाते हैं। दोनों में दोपहर को सवारी बिठाने पर विवाद हुआ था। कुछ देर बाद



राजकुमार के ऑटो में बैठी सवारी को छोटू अपने ऑटो में बिठाकर ले गया। ऐसा दूसरी बार करने पर राजकुमार ने अपने ऑटो से छोटू के ऑटो का पीछा किया। दौरैठा रोड पर मानसरोवर कॉलोनी के पास रोक लिया। पुलिस को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजकुमार ने छोटू को ऑटो से बाहर खींच लिया। मुंह पर घूंसे मारे। इसके बाद सीने पर बैठकर गला दबा दिया।

आरोपी भाग निकला। सूचना पर पुलिस छोटू को अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर राजकुमार को पकड़ लिया। सूचना पर छोटू के परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने आक्रोश देखते हुए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया है। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**बड़े भाई का है ऑटो**

छोटू के परिवार में कोहराम मचा है। पैरों से दिव्यांग छोटू का निकाह नहीं हुआ था। बड़े भाई महबूब के साथ ऑटो चलाता था। पिता कलुआ ने पुलिस को बताया कि राजकुमार दबंग है। कई बार उसकी शिकायत चौकी पर कर चुके थे। सुनवाई नहीं हुई।


**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन


# रूफटॉप में बवाल: गर्लफ्रेंड संग आए युवक ने दो दोस्तों को पीटा

एनएनआई

**आगरा।** ताजगंज स्थित अनप्लग्ड कोर्ट यार्ड रूफटॉप रेस्तरां में जूता कारोबारी के बेटे ने अपनी महिला मित्रों के साथ दो दोस्तों को बेरहमी से पीटा। उन्हें पिस्टल तानकर धमकाया। एक युवती ने अपने भाई के पूर्व मंत्री होने का हवाला देकर धमकी दी। वीडियो व ऑडियो रविवार को वायरल होने पर ताजगंज थाने में रूफटॉप के मैनेजर सहित 10 लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

रूफटॉप कैफे, रेस्तरां में आए दिन मारपीट और बवाल हो रहे हैं। आरोप है कि संबंधित थानों की पुलिस की मिलीभगत से मामलों को दबा दिया जा रहा है। अनप्लग्ड रेस्तरां का यह



मामला 22 मार्च की रात का है। केस दर्ज कराने वाले ओल्ड सुरक्षा विहार कॉलोनी, सदर निवासी दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि 22 की रात को वह रेस्तरां में मित्र सुशांत के साथ खाना खाने गए थे।

वहां जूता कारोबारी के पुत्र नितिन सतलानी, रेणुका पुरी, सपना और चार अज्ञात युवक बैठे थे। अंधेरे में उनका पैर नितिन के पैर से टकरा गया। इससे नितिन के हाथ में लगा बीयर का गिलास छलक गया। उन्होंने इस बात पर माफी भी मांग ली। मगर आरोप है कि कुछ ही देर में नितिन भड़क गया। कार से पिस्टल निकालकर उनकी कनपटी पर सटा दी। इसके बाद सभी ने मिलकर दोनों को पीटा। गले से सोने की चेन तोड़ ली। रेस्तरां के मैनेजर मोहन और बाउंसर से शिकायत करने पर उन लोगों ने भी हमलावरों का पक्ष लिया। थाने पहुंचे तो आरोपियों के साथियों ने चेन वापस कराने का वादा कर कार्रवाई कराने से रोक दिया। मगर, चेन नहीं लौटाई तो 27 मार्च को थाना ताजगंज में शिकायत की। पुलिस जांच कर रही थी। इसी दरम्यान रविवार को घटना का सीसीटीवी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

एसीपी ताज सुरक्षा सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि नितिन सतलानी, रेणुका पुरी, सपना, मैनेजर मोहन, बाउंसर समेत पांच अज्ञात युवक और एक अज्ञात महिला पर चेन स्नेचिंग, बलवा आदि की धाराओं में केस लिखा गया है। जांच में अन्य नाम बढ़ाए जाएंगे। रेस्तरां में देर रात तक पार्टी होने की अलग से जांच की रही है।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पश्चिम महानगर ने मनाया नवसंवत्सर




एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अवधनगर के स्वयंसेवकों ने चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर पथ संचलन भी निकाला। जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। संचलन सरस्वती नगर, महारानी बाघ, अवधपुरी, विलासगंज आदि क्षेत्रों से होते हुए निकाला गया। जिसमें पुष्प वर्षा का आयोजन आलोक सिंह धाकड़ के नेतृत्व में किया गया और उनके साथ जलसिंह फैजदार, पुरषोत्तम धाकड़, भोलू धाकड़, सत्तेंद्र कटारा, रूपेश राज आदि सहयोगी मौजूद रहे। वहीं क्षेत्रीय निवासियों ने पुष्प वर्षा कर हर्ष व्यक्त किया। नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के शक्ति प्रमुख प्रवीन धाकड़ ने बताया की वर्ष प्रतिपदा उत्सव में आगरा विभाग के शारीरिक प्रमुख अजय का बौधिक रहा। अध्यक्षता राहुल राज ने की। उत्सव में मुख्य अतिथि परिचलन महानगर के कार्यवाह प्रदीप, जगदीश, भाग संचालक बासुदेव, बीरबहादुर, नगर संघचालक विनोद, कालीचरण रहे। व्यवस्थाएं सुधीर शर्मा और राजेंद्र मनेद्र ने संभालीं।

# प्रतियोगिता के दौर में प्रेम की संभावना का गीत हूं..

### नव संवत्सर पर कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

- संस्कार भारती के कवि सम्मेलन में हुआ धारा प्रवाह काव्य पाठ




एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती मध्य नगर की ओर से नव संवत्सर पर विजय नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। शुरूआत मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद नवीन जैन, मुख्य वक्ता बांकेलाल, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, लघु उद्योग भारती प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, एमएलसी विजय शिवहरे, उप्र संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत और केंद्रीय ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कवि सम्मेलन की शुरूआत कवि एलेश अवस्थी ने सकल ब्रह्मांड में नित हो रहा हर्ष मंगलमय, समूचे विश्व को शुभ चैत्र नव-वर्ष मंगलमय... पंक्तियां पढ़ कर की। आगे पढ़ा रोई है हक भर के मां बेटे से चिपट कर, आया है मेरा लाल तिरंगे में लिपट कर..।

कवि राज बहादुर राज ने ऐसी भक्ति का मन में करे जागरण, होवे शक्ति का फिर से यहां अवतरण... पंक्तियां पढ़ी। कवि डा. राघवेन्द्र शर्मा ने कहा कि ये भयानक दौर है तुम होश में रहना जरा, भीड़ आदमखोर है तुम होश में रहना जरा..। कवियत्री भूमिका जैन ने पढ़ा कि साध्य मन की साधना का गीत हूं, सुन लीजिए शुद्धतम आराधना का गीत हूं, सुन लीजि द्वेष के, प्रतिशोध के, प्रतियोगिता के दौर में प्रेम की संभावना का गीत हूं, सुन लीजिए.. तो तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गूंज उठा।

धौलपुर से आए पदम गौतम ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि गुण गाए अपनी धरती के, भारत शक्ति बोध बढ़े, ले हाथों में चलें तिरंगा, राष्ट्र नए प्रतिमान गढ़े..। सांस्कृतिक संध्या में राधा कृष्ण नृत्य, काली और महिषासुर की प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम का समापन अष्टदेवी की आरती के साथ हुआ। धन्यवाद अध्यक्ष दीपक गोयल ने किया। इस अवसर पर संरक्षक अलोक आर्य, उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, अजय तोशनीवाल, डॉ. शेखर दीक्षित, धर्मेंद्र गर्ग, मनीष बंसल, निखिल अग्रवाल, सीए विवेक अग्रवाल, चंचल, ममता, पूनम, ललितेश, नीरजा, अगम, संध्या, नीलम, मोनिका, वृंदा, शानवी आदि मौजूद रहे।

# सियाराम सेवा समिति कराएगी सामूहिक एकादशी उद्यापन

- 8 और 9 अप्रैल को अग्रधाम सेवा सदन, सेवला में होगा दो दिवसीय आयोजन
- आमंत्रण पत्र का विमोचन कर समिति पदाधिकारियों ने दी जानकारी, 51 जोड़ों के उद्यापन का लक्ष्य



एनएनआई

**आगरा।** सियाराम सेवा समिति द्वारा प्रथम सामूहिक एकादशी उद्यापन समारोह का आयोजन अग्र धाम सेवा सदन सेवला में किया जाएगा। 8 और 9 अप्रैल को आयोजित समारोह में 51 जोड़ों के एकादशी उद्यापन का संकल्प लिया गया है। शनिवार को लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन के पुष्पांजलि सभागार में आमंत्रण पत्र विमोचन के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी दी। समिति के संरक्षक भगवान दास बंसल एवं विष्णु दयाल बंसल ने बताया कि समारोह में 26 कथाओं के लिए 26 पंडित जोड़ों की व्यवस्था की है। सनातन धर्म में एकादशी का बड़ा महत्व है। धार्मिक आयोजन हमें सकारात्मक ऊर्जा के साथ आध्यात्मिक आत्मबल भी प्रदान करते हैं। इसी उद्देश्य के साथ समिति प्रथम एकादशी उद्यापन समारोह का आयोजन कर रही है। अध्यक्ष जगदीश मित्तल और उपाध्यक्ष संजय बंसल ने बताया कि 8 अप्रैल को अग्रधाम सेवा सदन, सेवला में प्रातः 10 बजे से एकादशी व्रत कथा ब्राह्मण भोज फलाहार का कार्यक्रम होगा एवं शाम को 7 बजे से खाटू श्याम की भजन संध्या आयोजित की जाएगी। महामंत्री बृजेश बंसल और कोषाध्यक्ष राकेश गोयन ने बताया कि 9 अप्रैल को प्रसादी एवं प्रीतिभोज के साथ एकादशी उद्यापन का समापन किया जाएगा। जिसमें वैदिक रीति रिवाज से हवन यज्ञ के साथ दान दक्षिणा का कार्यक्रम होगा। समन्वयक राजेश बंसल और संदीप मित्तल ने बताया कि उद्यापन करने वाले सभी जोड़ों को आवश्यक सामग्री के साथ दान और पूजन की सामग्री प्रदान की जाएगी। दिलीप गोयल और अंकित बंसल ने बताया कि कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की 12, 12 एकादशी के अलावा अधिक मास की दो कथाओं के साथ 26 कथाओं का आयोजन समारोह में विधि विधान से संपन्न होगा। समिति की महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम के दोनों दिन मंगल गीतों के साथ महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर एकादशी उद्यापन करने वाले जोड़ों के सहयोग के लिए रहेंगी। आमंत्रण पत्र विमोचन समारोह में विशम्भर दयाल, राजेश मित्तल, दिलीप गोयल, अंकित बंसल, मनीषा बंसल, रेखा अग्रवाल, सपना बंसल, आशा गोयन, नीलम सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# झूलेलाल की जलाई जोत, कराया भ्रम ।



एनएनआई

**आगरा।** वरुणदेव भगवान झूलेलाल जयंती पर चैत्र नवरात्र विशाल ज्योत प्रज्वलित हुई। सभी पंचायतों में भगवान झूलेलाल साईं की ज्योत प्रज्वलित सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, घनश्याम दास देवनानी, श्याम भोजवानी और समस्त पदाधिकारियों ने की। झूलेलाल साईं के आगे मित्र मंडल, महिला मंडल शहनाई ढोल की धुन पर झूमते नाचते बहराणा साहिब क्षेत्र का भ्रमण किया। श्रीझूलेलाल मंदिर कटरा फुलेल ताजगंज , झूलेलाल मंदिर शहीद नगर, नामनेर पंचायत में छोले मीठे चावल शर्बत का वितरण किया। इस दौरान शंकरलाल सुशील नोतनानी जेठानंद मुखी, धर्मदास चेलानी, पंडित विक्की शर्मा, पुरोहिता इंद्रा शर्मा, शंकर आडवानी, हरीश मोटवानी, विजय मोटवानी, हरिकिशन, राजा जेठवानी, दौलत राम, हीरालाल देवनानी, डॉ. मैठाणी, किशोर, लक्ष्मण, अशोक आदि मौजूद रहे।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# दिवाकर महापंचायत ने किया समाज रत्न सम्मान समारोह

- होली मिलन समारोह का भी किया आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** दिवाकर महापंचायत ने होली मिलन एवं समाज रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें समाज के बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोगों के साथ ही प्रतिभावानों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता उपस्थित रहे। दयालबाग मंडल के अध्यक्ष योगेश दिवाकर, शिवाजी मंडल के अध्यक्ष देवेश पचौरी, दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष राहुल जैन, पार्षद रवि दिवाकर, आवास विकास कॉलोनी के पार्षद गजेंद्र पिप्पल, पार्षद निरंजन सिंह केम, वार्ड-40 से पार्षद रवि दिवाकर एवं समाज के गणमान्य डॉ. भगवान सिंह दिवाकर, डॉ. भंवर सिंह दिवाकर राधा रमन, श्याम सुंदर ने उपस्थिति दर्ज कराई। शुभारंभ बाबा गाडगे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के संयोजक उत्तम दिवाकर में सभी सम्मानित मंचासीन लोगों को साफा पगड़ी पहनकर होली मिलन का उत्सव मनाया।

दिवाकर महापंचायत ने प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया। जिसमें हिमांशी दिवाकर नीरज दिवाकर, मुकुल दिवाकर को सम्मानित किया। दिवाकर महापंचायत की समस्त टीम ने अपना योगदान दिया। जिसमें कार्यक्रम संयोजक उत्तम दिवाकर एवं जिला अध्यक्ष मुन्ना लाल दिवाकर, शहर अध्यक्ष रवि दिवाकर, उपाध्यक्ष मांगेलाल शहर सचिव, भूरी सिंह दिवाकर, शहर सचिव पिंटू दिवाकर कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख राजेश दिवाकर मून टीवी, मीडिया प्रभारी मोहित दिवाकर, दिव्यांश सक्सेना, रोहित दिवाकर मौजूद रहे।

# सिंधी युवा शक्ति ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

एनएनआई



**आगरा।** भगवान झूलेलाल जयंती पर भोगीपुरा बाजार कमेटी, शाहगंज ने प्रसाद वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया। सिंधी युवा शक्ति भोगीपुर ने झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष योगी डॉ. शंकरनाथ, संरक्षक लद्दाराम, नारायण दास व अध्यक्ष विक्की बाबा ने दीप प्रज्वलित कर भंडारे का शुभारंभ किया।

रंगारंग कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन योगी जजनाथ व मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया।

विशिष्ट अतिथियों में एमएलसी विजय शिवहरे व युवा नेता चौधरी अमित सिंह शामिल रहे। इसी क्रम मे संरक्षक लद्दा राम, नारायण दास, अध्यक्ष विक्की बाबा, संयोजक घनश्याम मूलानी, महामंत्री राजेश धनवानी, जितेन्द्र खुशलानी विक्रम भागवानी, अमित टहल्यानी, कोषाध्यक्ष प्रकाश बूलचन्दानी, प्रचार मंत्री योगेश सोनी, किशनचन्द धनवानी, कार्यकारिणी सदस्य सोभराज खुशलानी, आकाश मूलानी, हितेश भोजवानी, विक्की धनवान अनिल बरजानी, शंकरलाल घनवानी, नरेश खुशलानी, राजकुमार धनवानी, जितेन्द्र टहल्यानी, युवा सदस्य सुमित सतीजा, मनोज निर्मलानी, गौरव बूलचन्दानी, आशीष चटवानी दीपक आहुजा, महेश भाई (दिल्ली वाले), गुलशन मंगलानी, भूपेन्द्र कल्याणी, मनीष सयानी ईशान देवजानी, धीरज सचदेवा, किशोर कुमार, सोनू भाई, रवि हिरानी, करन खुशलानी, दिनेश खुश आदि लोग शामिल रहे।

# 151 लीटर मीठा दूध वितरित कर किया नववर्ष का आगाज



- संस्कार भारती, कलासाधिका समिति 'समृद्धि' ने किया आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती, कलासाधिका समिति 'समृद्धि' ने विक्रम संवत 2082 का स्वागत प्रताप नगर चौराहा, पर मीठे दूध की प्याऊ का आयोजन कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आगरा विभाग के संघचालक चौधरी राजन सिंह, संस्कार भारती के महानगर अध्यक्ष आर्किटेक्ट राजीव द्विवेदी, समिति की अध्यक्षा अनीता भार्गव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संघचालक चौधरी राजन सिंह ने मीठे दूध की प्याऊ का शुभारंभ करते हुए ने कहा कि ब्रह्माजी ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को ही सृष्टि की रचना प्रारंभ की। भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ और भगवान झूलेलाल का भी जन्म इसी दिन हुआ था। जलवायु की दृष्टि से भी यह समय बहुत अनुकूल है क्योंकि इसी दिन वसन्त ऋतु प्रारम्भ होती है। अनीता भार्गव ने कहा कि उज्जयनी के सम्राट विक्रमादित्य ने शकों का समूल नाश करके तथा समस्त प्रजा को करमुक्त करके, वर्ष प्रतिपदा के दिन ही विक्रम संवत प्रारम्भ किया था। संयोजन मीना अग्रवाल और नीता गर्ग ने किया। संचालन डा. अंशू अग्रवाल ने किया। संस्कार भारती के ध्येय गीत का गायन मनप्रीत कौर, डा. वैशाली दीक्षित, सुनीता पाठक और रेनू अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राधिका भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर 151 लीटर मीठे दूध का वितरण किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष नन्द नन्दन गर्ग, प्रांतीय कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महानगर महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग, मातृ शक्ति प्रमुख रेणु गुप्ता, अनीता मित्तल, कुमकुम गर्ग, बीना अग्रवाल, मधु बंसल, रेनू सिंघल, कविता सिंघल, अनीता जैन, बबीता पाठक, मीरा गर्ग, कुसुम गर्ग, समीक्षा गोयल, सुनीता पाठक, नीता गर्ग, निर्मल गोयल, रेनू अग्रवाल ने सहयोग किया। कार्यक्रम में उर्मिला राजन सिंह, पंकजा राजीव द्विवेदी, प्रेमचंद अग्रवाल 'सुपरिवाले', केंद्रीय हिन्दी संस्थान की पूर्व निदेशक डॉ बीना शर्मा, ओएस गर्ग, राजीव सिंघल, डॉ. मनोज कुमार पचौरी, इंजी. नीरज अग्रवाल, अनीता मित्तल, कुमकुम गर्ग, बीना अग्रवाल, मधु बंसल, मीना गर्ग, कुसुम गर्ग आदि भी उपस्थित रहीं।

# घनश्याम दास देवनानी को सिंधु रत्न अवार्ड

## सिंधु नगरी बल्केश्वर पर घाट पर सैकड़ों ज्योतियों का विसर्जन

एनएनआई



**आगरा।** राष्ट्रीय सिंधी महासंघ और सिंधी केंद्रीय पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में बल्केश्वर झूलेलाल घाट पर सिंधुनगरी का 27वां आयोजन किया गया। उद्घाटन केंद्रीय मंत्री मंत्री एसपी सिंह बघेल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट महेश सोनी ने बताया कि 26 साल से बल्केश्वर घाट पर यह आयोजन होता आ रहा है। रविवार को भी सैकड़ों ज्योतियां विसर्जन के लिए बल्केश्वर घाट पर पहुंची, जिनका विधि विधान से विसर्जन कराया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम दास देवनानी को सिंधु रत्न से सम्मानित किया गया। इसके अलावा पांच अन्य लोगों को सिंधु गौरव सम्मान दिया गया। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी का भीष्म लालवानी ने चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया। चंद्रप्रकाश सोनी ने कहा कि इस वक्त यहां सिंधी समाज की एकता और शक्ति अपने यौवन पर दिखाई दे रही है। यहां सिंध महाकुंभ जैसा नजारा है। मनोहर लाल हंस ने संचालन करते हुए कहा कि महाकुंभ प्रयागराज से लाए जल से झूलेलाल दरबार को पवित्र छीटे लगाए गए। संत हिरदाराम का भव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम में विद्या शर्मा, किशोर होरानी, रेखा मस्तानी ने संगीतमय भक्ति की रसधारा बहाई। ज्योतियां लेकर आने वाले भक्तों और महिलाओं ने पारंपरिक डांडिया नृत्य किया। इस अवसर पर महानगर की सभी पंचायतों के प्रधानों का सिंधी सेंट्रल पंचायत के पदाधिकारी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

व्यवस्था बनाने में गिरधारी लाल कर्मचंदानी, रामचंद हसानी, नंदी महाजन, गुरदास लालवानी, महेश मदनानी, सतीश मगवानी, नितिन मगवानी, आशीष खत्री आदि का विशेष योगदान रहा।

सिंधी सेंट्रल पंचायत की ओर से चंद्र प्रकाश सोनी, घनश्याम देवनानी, हेमंत भोजवानी, मेघराज दियालानी परमानंद आतवानी आदि मौजूद रहे।

# जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के लिए बैराज निर्माण जरूरी: खंडेलवाल

- रिवर कनेक्ट कंपेन की 11वीं वर्षगांठ पर जलसे का समापन

एनएनआई



**आगरा।** यमुना आरती स्थल पर तीन दिवसीय जलसे का भव्य समापन हुआ। जिसमें पंडित हरि दत्त शर्मा और विशाल झा ने भजनों से वातावरण में भक्ति की लहर दौड़ा दी। गोस्वामी नंदन श्रोत्रिय ने श्रद्धा पूर्वक यमुना आरती कराई। कार्यक्रम में डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य, डॉ. हरेंद्र गुप्ता, महेश धाकड़, शहतोश गौतम, विशाल, ज्योति खंडेलवाल, मीरा गुप्ता, पद्मिनी अय्यर, प्रियंका, दीपक राजपूत, राहुल राज, मुकेश, चतुर्भुज तिवारी, समीर गौड़, दीपक जैन, और जगन प्रसाद सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। रिवर कनेक्ट कैंपेन के संयोजक ब्रज खंडेलवाल ने बताया कि 2014 से रोज आरती का आयोजन करके शहरवासियों को यमुना के प्रति जोड़ा गया है। उन्होंने यमुना की वर्तमान दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के लिए बैराज निर्माण आवश्यक है। निर्मल और अविरल यमुना के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचा सकें। तीन दिवसीय जलसे ने यमुना नदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अभियान के आयोजकों ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे यमुना के संरक्षण में अपना योगदान दें और इसके प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें।

# महाराजा निषादराज शोभायात्रा में दिखेगी एकजुटता की झलक

एनएनआई




**आगरा।** महाराजा निषाद राज जयंती शोभायात्रा समिति की ओर से महाराजा निषादराज और महर्षि कश्यप के जन्मोत्सव पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रविवार को यह जानकारी बल्केश्वर रोड स्थित एकलव्य वाटिका में आयोजन समिति के पदाधिकारियो शोभायात्रा के आमंत्रण-पत्र का विमोचन के दौरान दी।

अध्यक्ष अमर सिंह निषाद ने बताया कि 5 अप्रैल को मनोहरपुर स्थित एकलव्य वाटिका से दर्जनों झांकियों संग बैंडबाजे व ढोल नगाड़ो की धुन पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मनमोहक रूप में सजी झांकियों और भक्ति संगीत में झूमते गाते हजारो की संख्या में निषाद समाज के लोग शामिल होंगे। शोभायात्रा में वृन्दावन के कलाकार शिव पार्वती और राधा-कृष्ण की सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। शोभायात्रा का उद्घाटन विधायक छोटेलाल वर्मा करेंगे। इससे पहले 3 अप्रैल को आमंत्रण यात्रा निकाल कर शहर को आमंत्रित किया जायेगा।

संयोजक मोहन सिंह वर्मा व सह संयोजक नाथूराम वर्मा ने बताया कि शोभायात्रा निकालने का उद्देश्य बच्चो को संस्कारवान बनाना और अपनी संस्कृति से अवगत करना है। यात्रा में सामाजिक एकजुटता की झलक दिखेगी। यात्रा से पहले दोपहर में विचार गोष्ठी और समाजसेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में शहर के लोगो से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर महामंत्री शांति प्रसाद निषाद, कोषाध्यक्ष सत्यवीर सिंह निषाद, सुंदर सिंह, ई. खूबीराम वर्मा, भगवान सिंह, सुन्दर सिंह, होतीलाल, ब्रजेश वर्मा, सुरेश चंद्र, प्रेम सिंह वर्मा, सवाई सिंह, शिशुपाल वर्मा, चेतन, वीरेंद्र, लाला आदि मौजूद रहे। महामंत्री शांति प्रसाद निषाद ने बताया कि शोभायात्रा एकलव्य वाटिका से शुरू होकर बल्केश्वर चौराहा, शनिदेव मंदिर, चांदनी चौक, साई मंदिर, कमला नगर टंकी से होते हुए मेन मार्किट, कावेरी कुञ्ज, सुभाष नगर, कर्मयोगी फुब्बारा, निषाद चौक से पुनः एकलव्य वाटिका पर समाप्त होगी। यात्रा का 14 स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

# ब्रेन ट्री स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

एनएनआई

**आगरा।** रविवार को ब्रेन ट्री स्कूल मुरली विहार आगरा में 11वाँ वार्षिकोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के बच्चो ने महिला सशक्तिकरण जैसी थीम पर रंगा-रंग प्रस्तुतियों से सभी अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। वही नन्ने-मुन्ने बच्चो ने रंग बिरंगे परिधानों में सजकर अपनी नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

विद्यालय में वार्षिक उत्सव हर साल आयोजित किया जाता है, जो विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक विशेष दिन होता है। यह दिन विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और विद्यालय के पूरे वर्ष की उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर होता है। इसमें छात्र अक्सर अपनी प्रतिभा और टीमवर्क का प्रदर्शन करने के लिए अभ्यास करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और अन्य सम्मानित व्यक्ति शामिल होते हैं, जो छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं और पुरस्कार वितरित करते हैं।

अभिभावक भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने बच्चों की प्रस्तुति भी देखी।

समारोह में विद्यालय के प्रबंधक उर्वशी ने वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सामने रखी और मेधावियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को विश्वस्तरीय एजुकेशन देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रोजेक्ट सहित अन्य उपकरण के माध्यम से उनकी पढ़ाई कराई जा रही है। यही कारण है कि तेजी से इन बच्चों में सुधार हो रहा है। बच्चे जब किसी चीज को देख एवं सुनकर पढ़ते हैं तो उसका रिजल्ट अलग ही होता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रियंका दिसावर, नरेश कुमार दहिया,अजित मलन,अनूप मलन, मानसिंह चाहर,, अजीत सिंह,पंकज शर्मा,खमान सिंह चाहर आदि।



# धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

एनएनआई



**आगरा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक प्रदेश अध्यक्ष (महिला) डॉ. मधु भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष आनंद शंकर शर्मा के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामेंद्र शर्मा रवि ने सभी का स्वागत करते हुए बैठक में भगवान परशुराम जयन्ती के आयोजन एवं संगठन के विस्तार व सामाजिक सरोकारों पर विचार विमर्श प्रारंभ किया

जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने बढ़ चढ़कर अपने विचार रखे और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी और उससे पूर्व संगठन को विस्तारित कर मजबूत किया जाएगा। बैठक में संरक्षक अरुण सारस्वत, महिला जिलाध्यक्ष दीप्ति भार्गव, राजकुमारी पाराशर,आकांक्षा शर्मा, वंदना तिवारी, शशांक भार्गव अमोल शर्मा, नीलम बृजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में इंदिरा शर्मा ने सभी का धन्यवाद दिया।

# शहीद स्मारक में कल से लाइट एंड साउंड शो

एनएनआई



**आगरा।** संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक पर अब 1 अप्रैल से लाइट एंड साउंड प्रारंभ हो जाएगा। आगरा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक लाइट एंड साउंड शो का परीक्षण हो चुका है। 4 साल के इंतजार के बाद शहरवासी शहीद स्मारक पर म्यूजिकल फाउंटेन और लाइट एंड साउंड शो देख सकेंगे। एडीए ने शो की एंट्री फीस 100 रुपये तय की है। विदेशी पर्यटकों के लिए 300 रुपये शुल्क रहेगा। 20 मिनट के इस शो को एक बार में 100 दर्शक इसे देख सकेंगे। 26 मार्च को सीएम योगी आदित्यनाथ ने 8.14 करोड़ रुपये की लागत से शहीद स्मारक पर लाइट एंड साउंड शो और म्यूजिकल फाउंटेन कार्यों का लोकार्पण किया था। इसमें 4.58 करोड़ रुपये से लाइट एंड साउंड शो और म्यूजिकल फाउंटेन 3.56 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। एडीए उपाध्यक्ष एम.अरुन्मोली ने बताया कि 1 अप्रैल से शो चालू हो जाएगा।अमर शहीदों की गाथा को लोगों तक इस शो के जरिये पहुंचाया जाएगा। हर दिन यहां 5 शो होंगे। म्यूजिकल फाउंटेन शो में देशभक्ति गीतों पर रंगे बिरंगे फव्वारे आकर्षक छटा बिखेरेंगे।

# वरुण डागर के डांस ने मचाया धमाल, हर डांस मूव पर थिरके सभी के कदम

एनएनआई

**आगरा।** स्पाइसी शुगर संस्था के सीजन- 5 का ग्रांड फिनाले होटल आइटीसी मुगल में आयोजित किया गया।

संस्थापक अध्यक्ष पूनम सचदेवा ने बताया कि संस्था की स्थापना का उद्देश्य शहर की महिलाओं को एक साथ जोड़कर नॉलेज और एंटरटेनमेंट एक साथ प्रदान करना है। संस्था वर्ष भर विभिन्न आयोजनों में देश- विदेश की सुप्रसिद्ध हस्तियों को आमंत्रित करती है, जिसमें सिने जगत की लोग भी शामिल होते हैं तो स्वास्थ्य संबंधि विशेषज्ञ भी बुलाये जाते हैं। आगामी सत्र सीजन- 6 का शुभारंभ भी इसी ध्येय को लेकर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रांड फिनाले में वरुण डागर ने शानदार प्रस्तुति देकर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी है। उनका स्ट्रीट डांसर से स्टार

**स्पाइसी शुगर संस्था के सीजन- 5 का हुआ ग्रांड फिनाले संग समापन**

डांसर तक बनने का सफर सभी के लिए प्रेरणादायी है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ रंजना बंसल, संस्थापक अध्यक्ष पूनम सचदेवा ने दीप प्रज्वलित कर किया। पावनी सचदेवा और चांदनी ग्रोवर ने सभी का स्वागत किया। स्मृति गर्ग के नाम पंचुएलिटी रही। संस्थापक अध्यक्ष पूनम सचदेवा ने वार्षिक कार्यों का ब्यौरा देते हुए नये सीजन की घोषणा की।

इसके बाद ग्रांड फिनाले की महफिल वरुण डागर के नाम हो गयी। नाचते हुए कैसे रूह में उतरा जाता है, इसका ही आनंद हर प्रस्तुति में हुआ। वरुण डागर ने महाकाल है प्यारे, तेरी मेरी ढाल है प्यारे...गीत पर शिव तांडव प्रस्तुत करते हुए धमाकेदार एंट्री की तो सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा। सदस्यों को अपनी प्रस्तुति में शामिल करते हुए तुझमें रब दिखता है...पर फूलों की वर्षा के मध्य नृत्य से शाम को सजाया। सूफियाना अंदाज को पेश करते हुए रमता जोगी.... गीत पर नृत्य कर वरुण ने सभी को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति दी। नृत्य के बाद वरुण ने तबले और हारमोनियम के साथ गिटार की जुगलबंदी पर अपने स्वरों की तान छेड़ी। उन्होंने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा चाहते हैं वैसा ही जिएं, हर दिन जिंदगी है इसलिए स्वयं के साथ रहें, स्वयं से प्यार करें। कार्यक्रम में वर्ष भर के कार्यों की सराहना करते हुए कविता अग्रवाल, माला जसूजा ने विचार रखे।



## 24 को आएंगे राजीव खंडेलवाल

चांदनी ग्रोवर ने बताया स्पाइसी शुगर के सीजन 6 की शुरूआत बहुत ही धमाकेदार होगी। 24 अप्रैल को लोकप्रिय अभिनेता राजीव खंडेलवाल आएंगे। उनके साथ सदस्यों का विमर्श आयोजित किया जाएगा।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर सिमरन अवतानी, शिखा जैन, अंजलि, अंजुल सिंघल, अंकिता, अनु, दिव्या, गरिमा, जिज्ञा, मंजरी, राधा, सारिका, सोनाली खंडेलवाल, वर्तिका, मीना, शोभा, रुचिता, यामिनी, श्रुति, रेशमा आदि उपस्थित रहीं।

# देवनारी में दो पक्षों में मारपीट, फायरिंग

## किशोर को लगी गोली, तीन हिरासत में लिए

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम देवनारी में विगत कई दिनों से चल रही दो पक्षों में तनातनी के बाद रविवार को मकान बनाने के दौरान एक पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दी। जिसमें एक किशोर गोली लगने से घायल हो गया।

बता दें ग्राम देवनारी में रामरतन और रामबाबू पक्षों में विगत कई दिन से आपसी विवाद चल रहा था। इसी के चलते शुक्रवार को रामबाबू द्वारा गांव के ही रामरतन सचिन व सतेंद्र के खिलाफ तहरीर दी गई थी। जिसमें रामबाबू की पत्नी शांति देवी घायल हुई थी उनका मेडिकल भी होना था। उक्त मामले के बाद रविवार को रामबाबू के भाई बहोरन सिंह आगरा से कुछ आदमियों के साथ आए और पुनर्विवाद हो गया। बताया गया है कि संजय अपने घर में निर्माण कर रहा था इसी दरमियान दोनों पक्षों में पुनः पथराव व मारपीट होने पर एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई जिसमें संजय



के 15 वर्षीय पुत्र विनय के पैर में गोली लग गई। फायरिंग के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर मौके पर थाना पुलिस की पहुंच गई और घायल किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया गया । वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। दोनों पक्षों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है ।

### तपड़ता रहा घायल नही मिले डॉक्टर

बता दें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर घायल अवस्था में किशोर को ले जाने पर मौके पर कोई भी चिकित्सक व फार्मासिस्ट ड्यूटी पर तैनात नहीं था। इस दौरान घायल दर्द से तड़पता रहा।जिसके चलते वार्ड बॉय द्वारा ही प्राथमिक उपचार देकर घायल किशोर को आगरा रेफर कर दिया गया है।



# पीएमओ में उप सचिव ने ब्रह्मलाल महाराज को पूजा

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर पहुंचे प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव अवधेश यादव ने रविवार को ब्रह्मलाल महाराज की पूजा की। उन्होंने बटेश्वर के मंदिर और घाटों के विकास को देखा। संकुल भवन पहुंच कर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बटेश्वर से जुड़ी जीवन यात्रा के बारे में जाना। रविवार को बटेश्वर के ब्रह्मलाल जी मंदिर में पीएमओ में उप सचिव अवधेश यादव ने वेदमंत्रों के बीच पूजा की। पुजारी जय प्रकाश गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, राकेश वाजपेयी ने पूजा कराई। पूजा अर्चना के बाद बटेश्वर में 106 करोड़ की लागत से विकसित हो रही परियोजनाओं के बारे में पुजारियों ने जानकारी दी। 24 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे यमुना के घाट और 17.57 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे मंदिरों के भव्य नजारे को देखा। 24.8 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे मंदिर कारीडोर और 9.92 करोड़ की लागत से लग रही फसाड लाइटों का निरीक्षण किया। इसके बाद 12 करोड़ से विकसित हुए अटल संकुल केन्द्र पहुंचे। पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया। शौरीपुर पहुंच कर भगवान नेमिनाथ की जन्म कल्याणक भूमि को भी देखा। बतादें कि केन्द्र सरकार ने बटेश्वर को भव्य एवं दिव्य धार्मिक तीर्थ के विकास के लिए 74 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस दौरान तहसीलदार विजय श्याम दुबे, सतेन्द्र उपाध्याय, अजय भदौरिया, हीरा सिंह प्रधान आदि रहे।

# शौच के लिए गई किशोरी लापता, पुलिस जांच में जुटी

**पिनाहट** एनएनआई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे में 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार, किशोरी 29 मार्च की दोपहर करीब 3:30 बजे घर से खेत में शौच के लिए गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी।

रविवार को परिजनों ने थाना पिनाहट में बेटी की गुमशुदगी की तहरीर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम किशोरी की तलाश में जुटी है और संभावित स्थानों पर छानबीन कर रही है। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि कोई सुराग मिल सके। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे बेटी की सकुशल वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि किशोरी को जल्द से जल्द खोजने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ कर रही है। परिजनों और स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही कोई ठोस सुराग जुटाकर किशोरी को सुरक्षित वापस लाने में सफल होगी।

# फसल काटने पर विवाद, बहन का फावड़े से सिर फोड़ा

एनएनआई

**बाह।** हिंगोट खेड़ा गांव में गेंहू की फसल को काटने को लेकर हुए विवाद में जरार चौकी पर समझौते के बाद घर पहुंची युवती का रविवार की शाम 5 बजे के करीब उसके भाई द्वारा फावड़े से सिर फोड़े जाने का मामला सामने आया है। उसे गंभीर हालत में एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर किया गया है। बाह के हिंगोट खेड़ा गांव के बदन सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटियों प्रीती और संगीता की मदद से खेत में गेंहू की फसल बोई थी। एक बेटा फसल को काटने



पहुंचा था, जिसकी शिकायत किए जाने पर पुलिस ने जरार चौकी पर दोनों पक्ष बुलाए थे। पुलिस ने 'जिसने फसल बोई है, वही काटेगा' का नियम समझाया। जिस पर उनमें फसल काटने को लेकर उत्पन्न विवाद पर समझौता हो गया। बदन सिंह ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम घर पहुंचते ही बेटी संगीता का सिर उसके झगड़ा कर रहे भाई ने फावड़े से फोड़ दिया। संगीता के सिर में दो गहरे जख्म हुए हैं। सूचना पर पहुंची बाह पुलिस ने संगीता को इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां पर हालत में सुधार न होने पर एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा भेज दिया। एसओ बाह सुरेश चन्द ने बताया कि तहरीर और मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# चलती गोल्फ कार्ट का पहिया निकला

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। रविवार अपराहन दीवाने आम पार्किंग से पर्यटक लेकर आ रही गोल्फ कार्ट का यकायक पहिया निकलने से हादसा टल गया। इस दरम्यान पर्यटक बाल बाल बच गए। बता दे अपराहन गोल्फ कार्ड का चालक अकरम खान अपनी गाड़ी में आठ 12 पर्यटकों को लेकर दीवाने आम से



गुलिस्ता पार्किंग लेकर आ रहा था। इसी दरमियान गोल्फ कार्ट को मोड़ते समय उसका पिछला पहिया यकायक निकल गया। जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई । मगर ड्राइवर की सूझबूझ से किसी पर्यटक को चोट नहीं लगी। उक्त संबंध में गोल्फ कार्ट के सुपरवाइजर रोहित शर्मा ने बताया कि यकायक हुए हादसे में किसी को कोई चोट नहीं लगी है। कंपनी के सर्विस सेंटर को कॉल की गई है आने पर सर्विस इंजीनियर घटना का कारण बताएंगे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

एनएनआई

**कासगंज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में रविवार को प्रतिपदा उत्सव प्रभु पार्क में मनाया गया। जिसमें नगर के सैकड़ो स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम पूर्ण गणवेष में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने आद्य सरसंघसंचालक प्रणाम किया। इसके उपरांत ध्वज लगने के बाद सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक योग व्यायाम का प्रदर्शन किया। तदुपरांत सभी को सह विभाग संघचालक शिव शंकर ने बताया कि यह उत्सव किस प्रकार हमारे पौराणिक इतिहास है, इस दौरान उन्होंने ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना,



भगवान राम का राज्याभिषेक, भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव, महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक व युगाब्ध का प्रारम्भ, चक्रवर्ती राजा विक्रमादित्य द्वारा विक्रमी संवत की शुरूआत, नवरात्र का प्रारंभ व हिंदु कालगणना का वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ द्वारा दिये गए पंच परिवर्तन को विजयादशमी तक समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसात करने को कहा गया। इसके बाद मंच पर उपस्थित विभाग संघचालक उमाशंकर शर्मा व नगर संघचालक शरद माहेश्वरी ने सभी स्वयंसेवकों को नव संवत्सर की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान नगर के कई सैकड़ों स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

**स्वयंसेवकों ने उत्साह से मनाया हिंदू नव वर्ष**

अमांपुर कस्बा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। नगर संघचालक राकेश पाराशर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज पताका वितरण कर हिन्दू नववर्ष की बधाई दी। रविवार को मन्दिरों, प्रतिष्ठानों और घरों पर भगवा पताकाओं को फहराकर भारतीय नव संवत्सर का भव्य तरीके से स्वागत किया। इस मौके पर विधायक हरिओम वर्मा, राकेश पाराशर, पुष्पेंद्र वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, चेतन चैहान, सोनू गुप्ता, प्रशांत आर्य, विकास दादा, सुखवीर चैहान, अभिषेक सर्राफ, रोहित, चिराग, देव, अनमोल, कान्हा, मोहित, लवकुश, अंकुश, लव आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## संपादकीय

# चुनाव लड़ेंगे या लड़ाएंगे पीके!

चुनाव रणनीतिकार और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को लेकर बिहार में कंफ्यूजन पैदा हो गया है। एक तरफ उनकी पार्टी को बिहार की सभी 243 सीटों पर विधानसभा का चुनाव लड़ना है और दूसरी ओर खुद प्रशांत किशोर तमिलनाडु में नई बनी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम यानी टीवीके का चुनाव अभियान संभालने जा रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में ज्यादा समय का अंतर नहीं है। इस साल नवंबर में बिहार का चुनाव होगा और अगले साल मई में तमिलनाडु का चुनाव है। यानी छह महीने का अंतराल है। उनकी बनाई संस्था आईपैक पहले से पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए काम कर रही है। यानी अगले साल के शुरू में कम से कम दो बड़े राज्यों में उनको या उनकी संस्था को चुनाव रणनीति का काम संभालना है।

अगर वे तमिलनाडु में चुनाव अभियान संभालेंगे तो बिहार में अपनी पार्टी को कैसे चुनाव लड़ाएंगे या खुद कैसे चुनाव लड़ेंगे?पहले यह सवाल नहीं उठ रहा था लेकिन फरवरी में महाशिवरात्रि के दिन तमिलनाडु में प्रशांत किशोर ने खुले तौर पर ऐलान किया कि वे टीवीके को चुनाव लड़वाने जा रहे हैं। उनके साथ मंच पर तमिल फिल्मों के सुपर स्टार और टीवीके सुप्रीम विजय भी मौजूद थे। प्रशांत किशोर ने मंच से कहा कि अभी तक तमिलनाडु में उनसे ज्यादा लोकप्रिय बिहारी महेंद्र सिंह धोनी हैं लेकिन अगले साल चुनाव में जब वे टीवीके को विजय दिलाएंगे तो वे सबसे लोकप्रिय बिहारी हो जाएंगे। गौरतलब है कि तमिलनाडु में लोग प्रशांत किशोर को जानते हैं क्योंकि पिछले चुनाव में यानी 2021 में उन्होंने एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके का चुनाव प्रबंधन संभाला था। अब उन्होंने खुल कर कह दिया है कि वे तमिलनाडु में चुनाव प्रबंधन करेंगे।

सवाल है कि क्या तमिलनाडु डीएमके और अन्ना डीएमके को छोड़ कर किसी तीसरी पार्टी को बहुमत देने के लिए तैयार है? इस बात की संभावना बहुत कम है।तमिल फिल्मों के सुपर सितारे विजय की सारी उम्मीदें इस बात पर टिकी थीं कि विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके से उनका तालमेल हो जाएगा। हालांकि अन्ना डीएमके ने साफ किया था कि वह विजय को मुख्यमंत्री का दावेदार पेश करके चुनाव नहीं लड़ेगी। फिर भी दोनों के बीच तालमेल होने और चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का फैसला होने की बात चल रही थी। इस बीच अन्नाडीएमके के महासचिव ई पलानीसामी ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की और तालमेल की चर्चा शुरू हो गई।अगर विजय भी इस प्रस्तावित गठबंधन का हिस्सा बनते हैं तो उनको और कम सीटें मिलेंगी और तब पीके को उनका साथ छोड़ना पड़ेगा, कम से कम बिहार चुनाव तक। कई जानकार आंध्र प्रदेश के प्रयोग का हवाला दे रहे हैं।उनका कहना है कि तेलुगू सुपरस्टार चिरंजीवी और उनके भाई पवन कल्याण ने अकेले अपने को आजमा कर देख लिया। लेकिन बाद में टीडीपी और भाजपा के एलायंस में शामिल हुए तो पवन कल्याण उप मुख्यमंत्री बने।सो, तमिलनाडु में भी यह बात हो सकती है कि अन्नाडीएमके, भाजपा के एलायंस में विजय की पार्टी शामिल हो और जीतने पर विजय उप मुख्यमंत्री बनें। बाद में वे अपनी पार्टी का विस्तार करें।इस बीच बिहार में पीके को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है क्योंकि हाल में हुए एक सर्वे में प्रशांत किशोर मुख्यमंत्री पद के लिए तीसरे सबसे लोकप्रिय नेता उभरे। उनमें और नीतीश कुमार में बहुत मामूली अंतर रहा। सबसे ज्यादा 41 फीसदी लोगों की पसंद तेजस्वी यादव थे, जबकि नीतीश कुमार को सिर्फ 18 फीसदी लोगों ने पसंद किया। इसके बाद 15 फीसदी लोगों के समर्थन के साथ प्रशांत किशोर तीसरे स्थान पर रहे। इस सर्वे रिपोर्ट के बाद एक बार फिर यह चर्चा तेज हो गई है कि बिहार में बदलाव का आकांक्षी वर्ग उनके एजेंडे से प्रभावित है और इसका फायदा उनकी पार्टी को मिल सकता है। आज अगर नीतीश कुमार लड़ाई से बाहर दिख रहे हैं तो उसका एक बड़ा कारण प्रशांत किशोर हैं। अब यह भी संभावना है कि वे तेजस्वी यादव के खिलाफ राघोपुर सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। अगर वे ऐसा करते हैं तो यह बहुत बोल्ड मूव होगा। वे बिहार में बदलाव और विकास का चेहरा बन कर चुनाव लड़ना चाहते हैं और उनका एक एजेंडा तेजस्वी यादव को भी रोकना है, जिनके बारे में उन्होंने बिहार में प्रचार किया है कि तेजस्वी नौंवी फेल हैं और प्रशासन चलाने में योग्य नहीं हैं। उनके खिलाफ चुनाव लड़ कर वे राजद से अपनी पार्टी का आमने सामने का मुकाबला बनवाना चाहते हैं। एक तरफ यह संभावना है तो दूसरी ओर तमिलनाडु का राजनीतिक असाइनमेंट हैं। इन दोनों के बीच वे कैसे संतुलन बनाते हैं यह देखने की बात होगी।

---

नाखून चबाने की आदत अक्सर बच्चों में पाई जाती है। यह आदत पहले तो मामूली लग सकती है, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए कई तरह के नुकसान का कारण बन सकती है। बच्चों के लिए यह आदत न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी हानिकारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि बच्चों के नाखून चबाने की आदत से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं और डॉक्टर इस बारे में क्या सलाह देते हैं।



# बच्चों को बीमार कर सकती है नाखून चबाने की आदत

**दांतों और मसूड़ों पर असर**

नाखून चबाने से बच्चों के दांतों और मसूड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इस आदत से दांतों की संरचना बिगड़ सकती है, जिससे दांतों में असंतुलन, दांतों का टेढ़ा होना या मसूड़ों में सूजन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इससे बच्चों को दांतों की समस्याएँ बढ़ सकती हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए दंत चिकित्सक की मदद की जरूरत पड़ सकती है।

**इंफेक्शन का खतरा**

नाखून चबाने से बच्चों के हाथों से बैक्टीरिया मुंह में जा सकते हैं। यदि बच्चे अपनी उंगलियों को मुंह में डालते हैं और नाखून चबाते हैं, तो यह बैक्टीरिया उनके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं और विभिन्न प्रकार के इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं। इससे गले में इंफेक्शन, मौखिक रोग, या पेट में समस्याएँ हो सकती हैं। खासकर अगर बच्चा गंदे हाथों से नाखून चबाता है तो यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**पाचन तंत्र पर प्रभाव**

नाखून चबाने से कुछ बच्चे नाखूनों को निगलने की भी आदत डाल सकते हैं। यदि यह नाखून अंदर पेट में चले जाते हैं, तो यह पाचन तंत्र में अड़चन पैदा कर सकते हैं। इससे पेट की समस्याएँ, जैसे गैस, कब्ज, या आंतों की समस्याएँ हो सकती हैं।

**मानसिक तनाव और चिंता**

नाखून चबाना कभी-कभी मानसिक तनाव या चिंता का संकेत भी हो सकता है। कई बार बच्चे तब नाखून चबाते हैं जब वे किसी समस्या या चिंता से जूझ रहे होते हैं। यदि यह आदत लगातार बनी रहती है, तो यह मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसे में बच्चे को मानसिक शांति और समर्थन की आवश्यकता होती है, ताकि वह इस आदत से छुटकारा पा सके।





## कैसे छुड़ाएं ये गंदी आदत

1. बच्चों को नाखून चबाने से रोकने के लिए सबसे पहले माता-पिता को सकारात्मक वातावरण और प्यार देना चाहिए। बच्चों को समझाना और शांतिपूर्वक बताना कि यह आदत कितनी हानिकारक हो सकती है, उनके लिए सहायक हो सकता है।
2. यदि बच्चे की नाखून चबाने की आदत मानसिक तनाव या चिंता के कारण हो रही है, तो एक अच्छे मनोचिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। बच्चे को मानसिक शांति देने के लिए ध्यान, योग, और अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं।
3. बच्चों को हमेशा साफ हाथों से भोजन करना और मुंह की सफाई पर ध्यान देने की सलाह दें। साथ ही, बच्चों के नाखूनों की सफाई और नियमित काटने का ध्यान रखें।
4. बच्चों को अन्य गतिविधियों में व्यस्त रखना भी उनकी नाखून चबाने की आदत को कम कर सकता है। जैसे कि खेलकूद, चित्रकला, संगीत आदि।


नाखून चबाना बच्चों की एक आम आदत हो सकती है, लेकिन यह उनके स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार से हानिकारक हो सकता है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए माता-पिता को बच्चे को समझाना और डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए।



# रकुल प्रीत को पसंद है त्योहार पर सजना-संवरना

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने गुड़ी पड़वा के मौके पर बताया कि यह उनके लिए नई शुरूआत और सकारात्मक ऊर्जा का दिन है। सिंह ने यह भी बताया कि उनकी पसंदीदा डिश 'पूरन पोली' है, जो खाकर उन्हें बहुत खुशी मिलती है। यह पूछे जाने पर कि गुड़ी पड़वा पर उनकी पसंदीदा डिश कौन सी है, रकुल ने कहा, पूरन पोली, इसमें कोई शक नहीं! यह मीठी, मुलायम और घर जैसा एहसास देती है। मैं बचपन से ही त्योहारों के दौरान इसका लुत्फ उठाती रही हूं और इसका हर निवाला मुझे उन खुशनुमा पारिवारिक पलों की याद दिलाता है। इसे इतने प्यार से बनाया जाता है कि आप खुद को रोक नहीं पाते! रकुल ने बताया, मेरे लिए गुड़ी पड़वा नई शुरूआत और सकारात्मक ऊर्जा का दिन है। यह साल का वह समय है जब सब कुछ नया लगता है। इस दिन नई एनर्जी, उम्मीदें और उत्सव भी रहता है। मुझे यह पसंद है कि यह परिवारों को एक साथ लाता है, चाहे वह पूजा के लिए हो, अच्छे भोजन के लिए हो या फिर सिर्फ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए। यह खुशी के साथ बदलाव को अपनाने की याद दिलाता है! अभिनेत्री को त्योहारों पर सजना-संवरना बहुत पसंद है। उन्होंने बताया, गुड़ी पड़वा, साड़ी पहनने का बेहतरीन बहाना है। मैं आमतौर पर पीली या लाल रंग की साड़ी पहनती हूं, बिंदी, बड़े झुमके और बालों में ताजा गजरा लगाती हूं। त्योहारों के दिनों में भारतीय परिधान पहनने में कुछ खास बात होती है- इससे सब कुछ और ज्यादा उत्सवपूर्ण लगता है। गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्रि के साथ आसपास पड़ता है, जिसे उत्तर भारत में व्यापक रूप से मनाया जाता है। अभिनेत्री ने कुछ यादें साझा कीं। उन्होंने कहा, उत्तर भारत में पले-बढ़े होने के कारण चैत्र नवरात्रि हमेशा एक खास समय होता था। मुझे हर जगह उत्सव का माहौल याद है- सुबह की प्रार्थना, भजन की आवाज और घर पर स्वादिष्ट सात्विक भोजन की सुगंध। आखिरी दो दिन हमेशा मेरे पसंदीदा होते थे क्योंकि हमें रिश्तेदारों के घर कन्या पूजन के लिए आमंत्रित किया जाता था और मुझे उपहार और प्रसाद मिलते थे। यह एक ऐसी परंपरा है, जो आज भी खूबसूरत यादें ताजा कर देती है। मुझे मौका मिलता है तो मैं परंपराओं, खासकर घर पर उपवास और उत्सवों को निभाने की कोशिश करती हूं।

## जय संतोषी मां-थिएटर में चप्पल उतारकर जाते थे दर्शक, स्क्रीन पर उछालते थे सिक्के




मां दुर्गा को समर्पित नवरात्र का पर्व रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म इंडस्ट्री में ऐसी कई फिल्में बनी हैं जिनमें नवदुर्गा के साथ ही उनके अन्य रूपों का शानदार अंदाज में वर्णन किया गया, जो न केवल टाइमलेस बन गईं बल्कि आज भी लोग भक्ति भाव से ऐसी फिल्में देखते हैं। इस सूची में पहले नंबर पर आती है मां संतोषी और उनके भक्त के बीच खूबसूरत और चमत्कार से भरे रिश्तों को दिखाती फिल्म जय संतोषी मां। सिनेमाघरों में 15 अगस्त 1975 को उतरी जय संतोषी मां के बारे में कई किस्से हैं। रिलीज के बाद से सिनेमाघर रौशन थे। परिवार के साथ लोग माता की गाथा को देखने के लिए पहुंचते थे। फिल्म से जुड़े कुछ तथ्य काफी दिलचस्प हैं।

**फिल्म को गायकों ने बनाया बड़ा हिट:**

माना जाता है कि फिल्म को सुपरहिट करवाने में गायकों का बहुत बड़ा हाथ था। फिल्म का हर एक गाना सुपरहिट था। मैं तो आरती उतारूं रे, संतोषी माता की भजन आने पर औरतें भक्ति में डूब जाती थीं। गायिका उषा मंगेशकर ने इस गाने को गाया था और सी. अर्जुन ने संगीत दिया था। सिलसिला यहीं नहीं रुका और आगे चलकर इसी गाने को मंदिरों में संतोषी माता की आरती के रूप में गाया जाने लगा। फिल्म के अन्य गानों पर नजर डालें तो 'जय जय संतोषी माता, जय जय मां', 'यहां-वहां जहां तहां देखूं', 'करती हूं व्रत तुम्हारा', 'मदद करो संतोषी माता' गाना भी शामिल है।

**थिएटर में चप्पल उतारकर जाते थे लोग:**

माता की लीला और चमत्कार से भरी फिल्म को देखने के लिए दर्शक थिएटर में प्रवेश करने से पहले चप्पल उतार देते थे और फिल्म शुरू होने से पहले हाथ में फूल, सिक्के लेकर बैठते थे और स्क्रीन पर माता के आने के तुरंत बाद सिक्के, माला-फूल उछालने लगते थे।

**लागत से कई गुना मुनाफा करने में सफल थी फिल्म:**

बता दें, फिल्म के बजट को लेकर तय आंकड़ा नहीं मिलता है, लेकिन यह साल 1975 में सबसे ज्यादा कमाई वाली दूसरी हिंदी फिल्म बन गई थी। पहले नंबर पर अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, जया बच्चन, संजीव कुमार स्टारर 'शोले' थी।



# सोनाक्षी और जहीर की पहली ईद

**बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल इस साल अपनी पहली ईद मना रहे हैं। शादी के बाद दोनों की यह पहली ईद है, और इस मौके को लेकर दोनों बहुत उत्साहित हैं**

सोनाक्षी और जहीर ने इस खास दिन की खुशी अपने फैंस के साथ शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी और जहीर की एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दोनों एक-दूसरे के साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, हमारी पहली ईद है, ईद मुबारक! इसके बाद जहीर ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ईद की बधाई दी और अपने फैंस को इस खास दिन की शुभकामनाएं दीं। दोनों का यह प्यार और मिलनसार तरीका उनके फैंस को काफी पसंद आया। इस साल सोनाक्षी और जहीर का ईद मनाना उनके लिए खास है, क्योंकि शादी के बाद यह उनका पहला मौका है जब वे साथ में ईद मना रहे हैं। दोनों ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ इस दिन को खास बनाने की पूरी तैयारी की है। बॉलीवुड की इस जोड़ी के लिए यह दिन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि एक नया अध्याय है, जिसमें प्रेम और परिवार का महत्व दिखाई दे रहा है। सोनाक्षी और जहीर की शादी को लेकर फैन्स में खासा उत्साह है, और उनकी पहली ईद के मौके पर भी सोशल मीडिया पर ढेर सारी शुभकामनाएं और प्यार मिल रहा है। अब यह जोड़ी इस खास दिन को अपने परिवार के साथ मनाकर ईद का पूरा आनंद ले रही है। सोनाक्षी सिन्हा को बॉलीवुड में उनकी शानदार फिल्मों और अदाकारी के लिए जाना जाता है। वे हमेशा अपने बेहतरीन अभिनय और व्यक्तित्व के लिए जानी जाती हैं। अब उनकी शादीशुदा जिंदगी भी चर्चा का विषय बन गई है, और उनके फैंस उनकी खुशी में शामिल होकर इस खास मौके को और भी खास बना रहे हैं।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र

# राजस्थान रॉयल्स ने फिर दिखाया सीएसके पर दबदबा

## चेन्नई सुपर किंग्स के नाम हुआ अनचाहा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 11वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 रनों से हरा दिया। जीत के हीरो रहे नीतीश राणा, जिन्होंने 36 गेंदों पर 81 रनों की तूफानी पारी खेली और अपनी टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 182 रन पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। जवाब में सीएसके की पारी 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 176 रनों पर ही सिमट गई। आंकड़ों के मुताबिक, सीएसके ने आईपीएल 2021 से अब तक ऐसे नौ मैचों में हार का सामना किया है, जहां उन्होंने 175 या उससे अधिक का लक्ष्य सेट किया था। चौंकाने वाली बात यह है कि इन मैचों में सात बार सीएसके ने टॉस जीता था, लेकिन फिर भी वे जीत हासिल नहीं कर पाए। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ गुवाहाटी में खेले गए मुकाबले में सीएसके को एक बार फिर निराशा हाथ लगी और इस बार भी उन्होंने टॉस जीता था। इस मैच में श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4/35 के आंकड़े दर्ज किए और सीएसके की बल्लेबाजी लाइनअप को परेशान कर दिया। हसरंगा का यह प्रदर्शन आईपीएल इतिहास में सीएसके के खिलाफ स्पिनरों द्वारा किए गए शानदार स्पेल्स की लिस्ट में शामिल हो गया है। हसरंगा से पहले भी स्पिनर सीएसके के लिए मुसीबत बनते आए हैं। आईपीएल के इतिहास में सीएसके के खिलाफ 4 या उससे अधिक विकेट लेने वाले स्पिनरों की लिस्ट में टॉप प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज पर नजर डालें तो हरभजन सिंह (मुंबई इंडियंस) ने 2011 में मुंबई में 5/18 का शानदार प्रदर्शन किया था। ब्रैड हॉग (कोलकाता नाइट राइडर्स) ने 2015 में कोलकाता में 4/29 के आंकड़े दर्ज किए थे। और अब 2025 में वानिंदु हसरंगा ने 4/35 के साथ सीएसके को परेशान किया। हसरंगा सीएसके के खिलाफ चार या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले राजस्थान रॉयल्स के सिर्फ दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले सोहेल तनवीर ने 2008 में जयपुर में सीएसके के खिलाफ 6/14 का शानदार प्रदर्शन किया था, जो आईपीएल के उद्घाटन सत्र का हिस्सा था। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच अब तक 30 मैच खेले गए हैं, और दोनों टीमों के बीच प्रतिद्वंद्विता काफी रोचक रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2008 से 2010 के बीच राजस्थान रॉयल्स ने 4-3 से बढ़त बनाई थी। लेकिन 2011 से 2019 के दौरान सीएसके ने 11-3 से दबदबा कायम किया। हालांकि, 2020 से अब तक राजस्थान रॉयल्स ने 7-2 से बढ़त हासिल की है, जो दिखाता है कि हाल के वर्षों में आरआर सीएसके पर भारी पड़ रहा है।

# आईपीएल में दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

## हैदराबाद को 7 विकेट से हराया, स्टार्क ने झटके 5 विकेट



**विशाखापट्टनम।** विशाखापट्टनम में दिल्ली ने 164 रन का टारगेट 16 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। ओपनर फाफ डु प्लेसिस ने 50 रन की पारी खेली। जैक फेजर मैगर्क ने 38 रन का योगदान दिया। दोनों ने 81 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। केएल राहुल ने 15 रन बनाए। अभिषेक पोरेल 34 और ट्रिस्टन स्टब्स 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। जीशान अंसारी ने 3 विकेट झटके। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी हैदराबाद 18.4 ओवर में 163 रन पर ऑलआउट हो गई। अनिकेत वर्मा ने 41 बॉल पर 6 छक्कों के सहारे 74 रन बनाए। मिचेल स्टार्क ने 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 3 विकेट मिले।



## सोमवार, 31 मार्च राशिफल

मेष राशि के जातकों का आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको सावधानी से कार्य करने की जरूरत है। आप अपने या किसी अन्य की वजह से परेशानी में फंस सकते हैं इसलिए सूझ-बूझ से काम लें। सेहत के मामले में आज आपका दिन राहत भरा रहने वाला है।

वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन ठीक रहने वाला है। आज घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी की बात पर गुस्सा आ सकता है, लेकिन जल्दी ही मन शांत हो जाएगा। दोस्तों या रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रह सकता है।

मिथुन राशि के जातकों को आज किसी बात की चिंता सकता है। इस वजह से आपको बेचैनी होगी। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा जातकों को आज काम जल्दी करने का दबाव होगा। मानसिक तनाव हो सकता है।

कर्क राशि के जातक आज घरेलू कार्यों में अधिक व्यस्त रहेंगे। आज परिवार का साथ मिल सकता है। पुरानी इच्छा को पूरा करने के लिए मन में किसी तरह की ऊहापोह की स्थिति पैदा हो सकती है। आज आपको मेहनत का फल मिलेगा। ईमानदारी से प्रयास करने पर धन लाभ होगा।

सिंह राशि वालों को आज सतर्क रहने की आवश्यकता है। वाद-विवाद से दूर रहें। किसी से झगड़ा होने की आशंका है। स्वभाव में उग्रता न लाएं। आज वाणी की कटुता की वजह से आपको हानि हो सकती है इसलिए सोच-विचार के बाद ही बोलें। किसी से बिना सोचे-समझे वादा न करें, इससे आपके पछताना पड़ सकता है। अ

कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। आज आपको धन लाभ होगा, बशर्ते आप अपनी योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा करें। अतिरिक्त आय के स्रोत भी हो सकते है। लंबी यात्रा के लिए निकल सकते हैं। यात्रा के दौरान अपनी और अपने सामान की सुरक्षा का ध्यान रखें। आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न होगा।

तुला राशि के जातकों को आज सावधानी के साथ चलने की जरूरत है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। हाथ-पैर में दर्द की शिकायत हो सकती है धन खर्च हो सकता है। आज कार्यक्षेत्र में संतुष्टि रहेगी। लेकिन बेवजह की चीजों से दूर रहें। घरेलू कार्यों में आपको हाथ बंटाना होगा।

वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी आय में इजाफा होगा। व्यवसाय में आपको प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अपने कुशल व्यवहार और वाक्पटुता के दम पर आप शानदार लाभ कमाएंगे। परिवार को आज आप कम वक्त दे पाएंगे। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं।

धनु राशि के जातकों पर आज काम का दबाव ज्यादा रहेगा। आज दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहने वाली है। कार्यक्षेत्र में लापरवाही से बचें, वरना आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। परिवार में जीवनसाथी के साथ तनावपूर्ण संबंध रह सकते हैं, लेकिन बाकी सदस्यों के साथ रिश्ते सामान्य रहेंगे।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। आज आपको कार्यों में सफलता हासिल होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आप अपने विचारों से अन्य लोगों को प्रभावित करने में सफल होंगे। आपके आकर्षक व्यक्तित्व व्यवसाय में भी मुनाफा दिलाएगा।

कुंभ राशि वाले आज आर्थिक रूप से प्रगति करेंगे। अपने फैसलों पर अडिग रहेंगे। घर या कार्यस्थल पर आज आपको जरूरी सफलता मिलेगी। समाजसेवा से जुड़े लोगों के मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। रिश्तेदारों से मिलने जा सकते हैं। आपकी यात्रा सुखद रहेगी।

मीन राशि के जातक आज धार्मिक कार्यों में समय देंगे। किसी तीर्थस्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। आज आपको पुराने किसी कार्य या निवेश ले फायदा होगा। कारोबार में नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। परिवार में आज विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है। घरेलू खर्चों में भी बढ़ोतरी की आशंका है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष का जोशीला स्वागत

## सांसद नवीन जैन के आवास पर नवनियुक्त अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का पुष्प वर्षा व जयघोष के बीच हुआ अभिनंदन

एनएनआई

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का राज्यसभा सांसद नवीन जैन के शास्त्रीपुरम स्थित आवास पर भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। आगरा के विभिन्न मंडलों, मोर्चों, व्यापारिक संगठनों और आवासीय सोसायटियों के सदस्य पुष्प गुच्छ, पुष्प माला, मोतियों की माला, दुपट्टा, हनुमानजी का गदा, तलवार आदि लेकर एकत्रित हुए। बल्केश्वर मंडल के कार्यकर्ता बुलडोजर साथ लेकर आए, जिससे सांसद नवीन जैन एवं राजकुमार गुप्ता पर पुष्प वर्षा की गई।

सांसद नवीन जैन ने कहा, राजकुमार गुप्ता भाजपा के सच्चे सिपाही हैं। उन्होंने पार्टी में 35 वर्षों तक निःस्वार्थ सेवा की है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां बूथ अध्यक्ष से राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता है, जबकि अन्य दलों में केवल परिवारवाद हावी रहता है। स्वागत सत्कार में पगड़ी, दुपट्टा, मोती और पुष्पों की बड़ी माला पहनाकर संयोजक नवीन जैन एवं अन्य अतिथियों ने राजकुमार गुप्ता का भव्य अभिनंदन किया। राजकुमार गुप्ता ने मंच से घोषणा की कि वे अपने व्यापार की जिम्मेदारी अपने बेटे को सौंप रहे हैं और अब पूर्ण रूप से भाजपा संगठन की सेवा करेंगे। विधान परिषद सदस्य विजय तिवारी, प्रमोद गुप्ता, शिव शंकर शर्मा, गम दुबे, डॉ. रामबाबू हरित, अनिल चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को सम्मान देना जानती है। राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा और अधिक सशक्त होगी। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया।





### विशिष्ट अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर पार्षद प्रदीप अग्रवाल, रामबाबू हरित, गौरव राजावत, उपमा गुप्ता, नीरज गुप्ता, महेश शर्मा, मुनेंद्र जादौन, राहुल सागर, अमित ग्वाला, भाजपा आगरा मीडिया प्रभारी रोहित कत्याल, संजय अरोरा, सोनू कक्कड़, नवीन गौतम, शैलू पंडित, अनिल सारस्वत, राहुल जैन, करुणानिधि गर्ग, मनमोहन कुशवाह, रवि सारस्वत, अनिरुद्ध भदौरिया,राजकुमार पथिक,अभिषेक कपूर, कुंदनिका शर्मा, रुचि चतुर्वेदी, कुमकुम उपाध्याय, वंदना मेडतवाल, दीपिका माहेश्वरी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नवसंवत्सर पर संघ का पथ संचलन, लोगों ने बरसाए फूल

## स्वयंसेवकों ने आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार को किया प्रणाम



एनएनआई

**आगरा।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने वर्ष प्रतिपदा का उत्सव मनाया। रविवार को आगरा विभाग की प्रत्येक शाखा पर गणवेश में उपस्थित स्वयंसेवकों ने आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार को प्रणाम किया। इसके बाद ध्वजारोहण सुभाषित और गीत के बाद बौद्धिक कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। पृथ्वीनाथ भाग के गोकुल नगर में प्रांत व्यवस्था प्रमुख दिलीप कुमार ने कहा कि आज भारत के कई लोग इस तथ्य से अवगत नहीं हैं कि भारतीय संस्कृति क्या है, हमारे संस्कार क्या है? लेकिन अच्छी बात यह है कि कोई भी शुभ कार्य करने के लिए समाज का हर वर्ग भारतीय कालगणना का ही सहारा लेता है। हमारे त्योहार भी प्राकृतिक और गृह नक्षत्रों पर ही आधारित हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्ष प्रतिपदा पूर्णतः वैज्ञानिक और प्राकृतिक नव वर्ष है।

उन्होंने कहा कि संघ के छह उत्सवों में पहला उत्सव वर्ष प्रतिपदा है। इस दिन संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार का जन्मदिन है। डॉ. हेडगेवार ने संघ रूपी जिस पौधे का रोपण वर्ष 1925 में किया। आज वह अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस वर्ष विजयादशमी पर संघ को 100 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस शताब्दी वर्ष में संघ ने समाज परिवर्तन के लिए पंच परिवर्तन का आह्वान किया है, जिसमें कुटुम्ब प्रबोधन, स्व समरसता, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण के विषय को लेकर स्वयंसेवक घर-घर जाएंगे।

वहीं विभाग प्रचार प्रमुख मनमोहन निरंकारी ने बताया कि आगरा विभाग के तीन महानगर पूर्वी, पश्चिम, छावनी और तीन जिलों सीकरी, फतेहाबाद और रागबाग में 132 स्थानों पर आद्य सरसंघचालक प्रणाम, ध्वजारोहण और बौद्धिक हुए। कुछ स्थानों पर पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन भी निकाला। स्वयंसेवकों के पथ संचलन पर स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा भी की।

# श्री अखंड पाठ साहब को कराया क्षेत्र का भ्रमण, बरसाए पुष्प

- काला महल से निकलीं भव्य झाकियां, पवित्र ज्योतियों का बल्केश्वर घाट पर विसर्जन

एनएनआई

**आगरा।** हिंदू जल सेवा मंडली (काला महल) की ओर से झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में सिंधी धर्मशाला में रविवार सुबह, भजन कीर्तन और सत्संग हुआ। इसके बाद श्री अखंड पाठ साहब का काला महल क्षेत्र में भ्रमण हुआ। इस दौरान श्रद्धालु भजन कीर्तन और नृत्य करते चल रहे थे। भ्रमण के पश्चात श्री अखंड पाठ साहब को काला महल स्थित श्री गिरधर गोपाल मंदिर ले जाया गया, जहां उन्हें विधि विधान से स्थापित किया गया। मंदिर के महंत पंडित बंटी महाराज के निर्देशन में सारी प्रक्रिया संपन्न हुई। दोपहर में हिंदू जल सेवा मंडली ने काला महल स्थित सिंधी धर्मशाला पर भंडारा आयोजित किया।

श्री अखंड पाठ साहब के विराजमान होने से लेकर श्री भोग साहब और भंडारे के प्रसाद वितरण तक सत्संग और भजन कीर्तन का सिलसिला अनवरत चलता रहा। शाम को कई भव्य झांकी निकाली गईं। इसका उद्घाटन पार्षद रवि माथुर और समाजसेवी रामचंद्र छाबड़िया ने ज्योति प्रज्वलित कर किया। झांकियां गुदड़ी मंसूर खा से शुरू होकर काला महल, पीपल मंडी, रावतपाड़ा, दरेसी नंबर एक, दो और तीन से होते हुए हाथी घाट पहुंचीं। यहां से सभी ज्योतियों का विसर्जन सामूहिक रूप से बल्केश्वर यमुना घाट पर किया गया। कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश, बंटी महाराज, मेघराज दियालानी, सुंदर हरजानी, नंद लाल आयलानी, पार्षद रवि माथुर, राम चंद छाबड़िया, जेके मदनानी, सोनू मदनानी, बंसीधर पंजवानी, डॉ. योगेश मदनानी, कपिल पंजवानी, भगवान दास दासवानी, दासवानी, महेश वाधवानी, विकास जेठवानी, मुक्कू भाई, तरूण हरजानी, कुनाल जेठवानी, निखिल मदनानी, पीयूष मदनानी, मनोज मंगतानी आदि मौजूद रहे।

